# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (24.01.2025)**

**HINDUSTAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:24.01.2025**
**PAGE-04**

## रजिस्ट्रार ने किया डिग्री सेक्शन का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू की रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण ने गुरुवार को परीक्षा विभाग के डिग्री सेक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान व डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला थीं।

निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार ने कर्मचारियों से काम में आने वाली परेशानियों के बारे में पूछा। रजिस्ट्रार ने कर्मियों से पूछा कि एक दिन में कितनी डिग्री बनाने के लिए एजेंसी को भेजी जाती है। रजिस्ट्रार ने सभी का रिकार्ड मांगा। इसके अलावा सेक्शन के बाहर सुरक्षा को पुख्ता करने की बात कही।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.01.2025, PAGE-04**

## विवि के पीजी हॉस्टलों में खुलेगा मेस

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पीजी हॉस्टलों में मेस शुरू किया जायेगा। समर्थ पोर्टल के मॉड्यूल में हॉस्टलों के लिए मेस अनिवार्य किया गया है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने गुरुवार को हॉस्टल के वार्डन की बैठक की। बैठक में उन्होंने हॉस्टल में गणतंत्र दिवस मनाने और मेस चालू करने पर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि नये सत्र से हॉस्टल में मेस चलाया जायेगा और छात्राओं से एक शपथ पत्र लिया जायेगा कि वह मेस में ही खाएंगी। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि वीसी से आदेश लेकर काम किया जाएगा।



गुरुवार को पटना में पुरस्कार प्राप्त करते बीआरए बिहार विवि के अधिकारी।

## नैड व अपार के लिए विवि को मिला अवार्ड

मुजफ्फरपुर। नैड व अपार आईडी बनाने में बेहतर प्रदर्शन करने पर उच्च शिक्षा निदेशालय ने गुरुवार को पटना में बीआरएबीयू को पुरस्कृत किया। यह अवार्ड नैड के नोडल अफसर व डिप्टी कंट्रोलर डॉ. आनंद दुबे को दिया गया। डॉ. इम्तियाज भी मौजूद थे। डॉ. आनंद ने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने सर्टिफिकेट दिया। विवि में अबतक 1.46 लाख छात्रों की अपार आईडी बन चुकी है और नैड पर 3.78 लाख डिग्री और सर्टिफिकेट अपलोड किये चुके हैं।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 24.01.2025, PAGE-04

# विवि में जल्द खुलेगा कला भवन, मिलेगा प्रशिक्षण

- पीजी संगीत विभाग को शिफ्ट करने पर विचार
- बाहर के आने वाले छात्र यहां ठहर भी सकेंगे

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में छात्रों के लिए कला भवन खोलने की तैयारी चल रही है। इस कला भवन में विद्यार्थियों को कला से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीआरएबीयू प्रशासन इस बारे में विचार कर रहा है। हाल में कोलकाता में हुए ईस्ट जोन सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बीआरएबीयू के विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के बाद कला भवन खोलने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बीआरएबीयू के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्रों को कला संबंधित और भी प्रशिक्षण देने की जरूरत है, ताकि आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकें। विवि प्रशासन कला भवन खोलने पर विचार कर रहा है। इस कला भवन में संगीत के सभी विधाओं के अलावा अन्य कला के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कला भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। इसमें पीजी संगीत विभाग को शिफ्ट करने पर विचार हो रहा है। इसमें बाहर के आने वाले छात्रों के लिए ठहरने की व्यवस्था होगी। विवि का पीजी संगीत विभाग अभी एमडीडीएम कॉलेज में चल रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.01.2025, PAGE-02

# हॉस्टलों में लगेंगे आरओ, विवि कैंपस में चापाकल

बोले मुजफ्फरपुर असर

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के हॉस्टलों में छात्र-छात्राओं के लिए नये आरओ लगाये जायेंगे। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' में 23 जनवरी के अंक में प्रकाशित 'सौ एकड़ के विवि परिसर में एक ही चापाकल, ई लाइब्रेरी भी नाम की' खबर पर संज्ञान लेते हुए डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने गुरुवार को यह निर्देश दिया।

डीएसडब्ल्यू ने हॉस्टल के वार्डन के साथ बैठक की। इसमें इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। बैठक में तय किया गया कि हॉस्टल में नया आरओ लगाया जायेगा।



गुरुवार को विवि में समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक करते डीएसडब्ल्यू।

ब्वॉयज और गर्ल्स दोनों हॉस्टलों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा विवि परिसर में विद्यार्थियों के लिए एक चापाकल लगाने का निर्देश इंजीनियरिंग सेक्शन को दिया गया। यह चापाकल परीक्षा हॉल के पास या मेन गेट के पास लगाया जायेगा। डीएसडब्ल्यू ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द यह काम किया जाये। पीजी गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जायेगी। केंद्रीय लाइब्रेरी में कमजोर वाइफाई पर डीएसडब्ल्यू ने संज्ञान लेते हुए इसे भी जल्द ठीक करने के निर्देश दिये।




हिन्दुस्तान के 23 जनवरी के अंक में छपी छात्रों की समस्या पर खबर।

**01** चापाकल तुरंत विवि परिसर में लगाने का डीएसडब्ल्यू ने दिया निर्देश

- बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू ने सभी वार्डन के साथ की बैठक
- गर्ल्स हॉस्टल में लगाई जाएगी सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 24.01.2025, PAGE-06

# एबीसी डाटा में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय टाप फाइव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट पर डाटा अपलोड करने में प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में आउटस्टैंडिंग प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। पटना के चाणक्य ला विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक डा. रेखा कुमारी ने बीआरएबीयू के डिप्टी कंट्रोलर डा आनंद प्रकाश दुबे और डा. मो.इम्तियाज अनवर को प्रशस्ति पत्र दिया। बीआरएबीयू ने राज्य के टाप फाइव विश्वविद्यालयों की सूची में अपना स्थान बनाया है।



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के डिप्टी कंट्रोलर डा. आनंद प्रकाश दुबे और डा. इम्तियाज अनवर • सौ. स्वयं

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से अबतक नेशनल एकेडमिक डिपाजिटरी पोर्टल पर 3.78 लाख छात्र-छात्राओं का अंकपत्र, डिग्री और प्रोविजनल अपलोड किया गया है। डिप्टी कंट्रोलर सह नैड के नोडल आफिसर डा. आनंद प्रकाश दुबे ने बताया कि सिर्फ 1.31 लाख विद्यार्थी का प्रोविजनल ही पूर्व से पोर्टल पर अपडेट था। बीते दिनों करीब ढाई लाख छात्र-छात्राओं का डाटा अपलोड किया गया है। वहीं विश्वविद्यालय से जुड़े 1.46 लाख विद्यार्थियों की नैड आइडी बनाई गई है। इसके लिए भी अपार आइडी के नोडल आफिसर डा. मो.इम्तियाज को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**31 मार्च तक अपार आइडी बनाने का लक्ष्य:** शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय और कालेजों में नामांकित शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का अपार कार्ड 31 मार्च तक बनाने का निर्देश दिया है। अगले महीने होने वाली परीक्षा के बाद शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का रिजल्ट नैड पर अपलोड किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.01.2025, PAGE-04**

## एबीसी पर डेटा अपलोडिंग करने पर नोडल ऑफिसर को दिया प्रशस्ति पत्र

# विवि का आउटस्टैंडिंग प्रदर्शन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पर डेटा अपलोड करने में प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में आउटस्टैंडिंग प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है. पटना के चाणक्य लॉ विवि में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक डॉ रेखा ने बीआरएबीयू के डिप्टी कंट्रोलर डॉ आनंद प्रकाश दूबे व डॉ मो इम्तियाज अनवर को प्रशस्ति पत्र दिया. सूबे भर के विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को एबीसी, नैड, अपार आइडी के रिकॉर्ड के साथ बुलाया गया था. बीआरएबीयू ने प्रदेश के टॉप-5 विश्वविद्यालयों की सूची में अपना स्थान कायम कर लिया है. बीआरएबीयू की ओर से अबतक नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी पोर्टल पर कुल 3.78 लाख छात्र-छात्राओं का अंकपत्र, डिग्री व प्रोविजनल अपलोड किया गया है. डिप्टी कंट्रोलर सह नैड के नोडल ऑफिसर डॉ आनंद प्रकाश दूबे ने बताया कि सिर्फ 1.31 लाख स्टूडेंट्स का प्रोविजनल ही पूर्व से पोर्टल पर अपडेट था. बीते दिनों करीब ढाई लाख छात्र छात्र-छात्राओं का डेटा अपलोड किया गया है. इसके साथ ही विवि से जुड़े 1.46 लाख विद्यार्थियों का नैड आइडी बन गयी है. इसको लेकर भी विश्वविद्यालय के अपार आइडी के नोडल ऑफिसर डॉ मो.इम्तियाज को प्रशस्ति पत्र दिया गया.



डिप्टी कंट्रोलर को पुरस्कृत करतीं उच्च शिक्षा निदेशक डॉ रेखा कुमारी.

### मार्च तक 100% विद्यार्थियों की अपार आइडी बनाने का लक्ष्य

बताया गया कि 31 मार्च तक शिक्षा विभाग ने विवि व कॉलेजों में नामांकित शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का अपार कार्ड बनाने का निर्देश दिया है. डॉ दूबे ने बताया कि अगले महीने होने वाली परीक्षा के बाद शत प्रतिशत विद्यार्थियों का रिजल्ट नैड पर अपलोड किया जाएगा. इससे न सिर्फ छात्रों को सुविधा मिलेगी. बल्कि, इससे बीआरएबीयू की रैंकिंग प्रदेश भर में अव्वल हो जायेगी. बताया कि अब नये सत्र में परीक्षा से पूर्व फॉर्म भरने के दौरान ही अपार आइडी को अनिवार्य कर दिया है. ऐसे में अब विद्यार्थियों को अपार आइडी बनानी होगी. कॉलेजों को कहा गया है कि वे छात्र-छात्राओं को अपार कार्ड बनाने के लिए जागरूक करें. यदि उन्हें समस्या हो रही हो तो शिविर लगाकर छात्रों की परेशानी को दूर करें. इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 24.01.2025, PAGE-04**

# सत्र पूरा करते ही छात्राओं को खाली करना होगा हॉस्टल

- छात्रावास में सेल्फ कुकिंग पर लगेगी रोक, मेस की होगी व्यवस्था
- मेरिट के आधार पर नये सत्र में होगा छात्रावास का आवंटन

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के विभिन्न पीजी छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को सत्र पूरा होते ही कमरा खाली करना होगा. नये सत्र के स्टूडेंट्स को ससमय छात्रावास में कमरा आवंटित किया जा सके, इसको लेकर विवि प्रशासन ने यह निर्णय लिया है.

कहा है कि कई छात्राएं वर्षों से छात्रावास में रह रही हैं. एक कोर्स पूरा होते ही दूसरे में दाखिला ले लेती हैं. इस कारण नयी छात्राओं को मौका नहीं मिल पाता है. यही स्थिति पुरुष छात्रावास में भी है. ऐसे में पीजी सत्र 2022-24 की परीक्षा समाप्त होते ही छात्र-छात्राओं को नोटिस दिया जायेगा. निर्धारित समय अवधि में उन्हें छात्रावास खाली करना होगा. गुरुवार को छात्रावास संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है. कहा गया कि महिला छात्रावासों में मरम्मत कार्य चल रहा है. ऐसे में मरम्मत वाले कमरों में रहने वाली छात्राओं को फिलहाल नवनिर्मित छात्रावास के दूसरे तल पर तत्काल के लिए शिफ्ट किया जायेगा. मरम्मत के बाद उन्हें फिर से कमरा आवंटित किया जायेगा. इस छात्रावास का ग्राउंड फ्लोर खिलाड़ियों और महिला अतिथियों के लिए रिजर्व रखा जायेगा. अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि छात्रावास में अब सेल्फ कुकिंग पर रोक लगायी जायेगी. कुलपति से आदेश लेकर शीघ्र ही छात्राओं के लिए मेस की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी. उन्होंने बताया कि पुरुष छात्रावास में भी स्टूडेंट्स को मेस आवंटन हो. इसको लेकर पहल की जायेगी. उन्होंने कहा कि छात्रावास आवंटन में अब मेरिट की प्रधानता होगी. जिन कमरों में वर्षों से ताला बंद है. उन्हें खुलवाया जायेगा. इसको लेकर भी शीघ्र प्रक्रिया शुरू की जायेगी.